प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 12.09.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड के पूर्व राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन बने देश के 15वें उपराष्ट्रपति, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ।
2. केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने रांची में कोल इंडिया कर्मचारियों के लिए नई सुविधाओं की घोषणा की, कहा– देश आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है।
3. गिरिडीह में चैंबर ऑफ कॉमर्स ने "स्वदेशी अपनाओ और आत्मनिर्भर भारत बनाओ" अभियान के तहत संगोष्ठी आयोजित, उद्योगपतियों ने जीएसटी सुधारों का किया स्वागत।
4. राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वर्ष 2003 की विशेष पुनरीक्षण मतदाता सूची की जारी, मतदाताओं से सीईओ झारखंड की वेबसाइट पर नाम जांचने की अपील।
   और
5. मौसम विभाग ने 15 सितंबर तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश का जारी किया यलो अलर्ट ।

*****************

सी पी राधाकृष्णन देश के 15वें उपराष्ट्रपति बन गए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द, पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड, केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे पी नड्डा, पीयूष गोयल और नितिन गडकरी उपस्थित थे। गौरतलब हैं कि सी पी राधाकृष्णन पूर्व में झारखंड के राज्यपाल रह चुके हैं।

*****************

केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने आज रांची में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि देश आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है और इसमें कोयला और खनिज संसाधनों की अहम भूमिका है। उन्होंने बताया कि 32 हजार करोड़ रुपये की राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन की शुरुआत की गई है, ताकि देश में खनिजों की खोज और उत्पादन को बढ़ावा मिल सके। मंत्री ने घोषणा की कि 17 सितंबर से कोल इंडिया लिमिटेड के कर्मचारियों के लिए नई वर्दी, अनुग्रह राशि 25 लाख और अतिरिक्त बीमा कवरेज जैसी सुविधाएं लागू होंगी।

*****************

गिरिडीह में चैंबर ऑफ कॉमर्स ने स्वदेशी अपनाओ और आत्मनिर्भर भारत बनाओ अभियान के तहत संगोष्ठी आयोजित कर केंद्र सरकार के जीएसटी रिफॉर्म का स्वागत किया। कार्यक्रम में उद्योगपतियों और कारोबारियों ने कहा कि कर ढांचे में सुधार और जीएसटी दरों में कमी से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी और सभी वर्गों को लाभ होगा। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भाग लिया और व्यापार जगत के सुझावों को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

*****************

सरायकेला जिले में स्वच्छ भारत मिशन के तहत अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए काम किया जा रहा है।

*****************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सहायक पुलिस कर्मियों की सेवा अवधि एक वर्ष के लिए अनुबंध आधार पर बढ़ाने का आदेश दिया है। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग इस प्रस्ताव को मंत्रिपरिषद की स्वीकृति के लिए भेजेगा।

*****************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने वर्ष 2003 में हुए विशेष पुनरीक्षण की मतदाता सूची आम जनता के लिए उपलब्ध करा दी है। यह सूची सीईओ झारखंड की वेबसाइट पर ऑनलाइन देखी जा सकती है, जबकि 18 सितंबर से इसकी प्रिंट कॉपी बीएलओ, एईआरओ और ईआरओ कार्यालयों में उपलब्ध होगी। कार्यालय ने राज्य के प्रत्येक मतदाता से अपना नाम सूची में जांचने की अपील की है। बाहर रहने वाले मतदाता संबंधित राज्यों की वेबसाइट पर अपना नाम देख सकते हैं।

*****************

सरायकेला–खरसावां जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में अभिभावक–शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विद्यालय के संसाधनों के बेहतर उपयोग और शैक्षणिक माहौल पर चर्चा होगी। जिला शिक्षा अधीक्षक कैलाश मिश्रा ने बताया कि इस पहल से बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार और विद्यालय–अभिभावक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा।

*****************

हजारीबाग के कटकमसांडी में किसानों के लिए आयोजित एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मिट्टी नमूना संग्रह, डिजिटल क्रॉप सर्वे और किसान क्रेडिट कार्ड पर जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने वैज्ञानिक तरीके से मिट्टी परीक्षण के लाभ और खाद–उर्वरक के संतुलित उपयोग की जानकारी साझा की। प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनीराम महतो ने किसानों से कम लागत में अधिक उत्पादन के लिए मिट्टी की जांच करवाने की अपील की।

*****************

सरायकेला खरसावां के संगम परफॉर्मेंस आर्ट फाउंडेशन के कलाकारों ने तिरुवनंतपुरम में आयोजित इंडियन वसंतोत्सव में सरायकेला छऊ नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। इस प्रतियोगिता में झारखंड दल प्रथम स्थान पर रहा।

*****************

अमरीकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों और मजबूत वैश्विक संकेतों के चलते भारतीय बेंचमार्क सूचकांक हल्की बढ़त के साथ खुले। आज शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 403 अंक बढ़कर 81 हजार 952 पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंस का निफ्टी 120 अंक बढ़कर 25 हजार 125 पर बंद हुआ।

*****************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 1 हजार 9 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 30 हजार रुपये प्रति किलो है।

*****************

मौसम विभाग ने 15 सितंबर तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में भारी वर्षा की संभावना जताते हुए यलो अलर्ट जारी किया है। आज और कल पूर्वी–पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला–खरसावां सहित रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो और खूंटी में कहीं–कहीं भारी बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 16 सितंबर तक बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है, जिसका असर झारखंड में दिखेगा।

****************